समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# TCS के कर्मचारियों के लिए खुशखबरी : 70% स्टाफ को मिलेगा 100% वेरिएबल पे, FY26 की पहली तिमाही मे हुंआ 12,760 करोड़ का मुनाफा

Publisher

Published on 17 Jul 2025



shutterstock.com · 2071198946

**मुंबई, 17 जुलाई 2025:** देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी **टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS)** ने **वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही (Q1 FY26)** में अपने कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है। कंपनी ने घोषणा की है कि **70% से अधिक कर्मचारियों को 100% वेरिएबल पे** दिया जाएगा।

### कौन होंगे लाभार्थी ?

कंपनी के चीफ ह्यूमन रिसोर्स ऑफिसर **मिलिंद लक्कड़** ने हाल ही में एक ईमेल में जानकारी दी कि **C2 ग्रेड** (या उसके समकक्ष) में आने वाले सभी कर्मचारियों को **100% क्वार्टरली वेरिएबल अलाउंस (QVA)** मिलेगा।
वहीं **C3 ग्रेड और उससे ऊपर** के कर्मचारियों के लिए यह भुगतान उनकी **बिजनेस यूनिट की परफॉर्मेंसं** पर निर्भर करेगा।

### टीसीएस मे कंर्मचारियों के ग्रेड सिस्टम :

- **Y ग्रेड :** ट्रेनी
- **C1:** सिस्टम इंजीनियर
- **C2:** 70% स्टाफ आता है इसी कैटेगरी में
- **C3 से C5:** सीनियर स्टाफ
- **CXO:** टॉप मैनेजमेंट

**इंक्रीमेंट टला, लेकिन हायरिंग मे तेजी :**

हालांकि कंपनी ने इस तिमाही में **इंक्रीमेंट का फैसला टाल दिया है**, लेकिन हायरिंग में कोई रुकावट नहीं आई। पहली तिमाही में **5,090 नए कर्मचारी जोड़े गए**, जिससे टीसीएस की कुल वर्कफोर्स **6.13 लाख से अधिक** हो गई है।

**तिमाही नतीजे :**

- **कंपनी का नेट प्रॉफिट :** ₹12,760 करोड़ (YoY 6% की बढ़त)
- **ऑपरेशनल रेवेन्यू :** ₹63,437 करोड़ (1.32% की सालाना वृद्धि)
- **डिविडेंड :** ₹11 प्रति शेयर

**कंपनी का बयान :**

टीसीएस का कहना है कि "मौजूदा आर्थिक हालात और डॉलर में कमजोरी" का असर रेवेन्यू पर पड़ा है। इसके बावजूद, कंपनी ने कर्मचारियों की मेहनत को मान्यता देते हुए बड़ा वेरिएबल पे आउट देने का फैसला किया है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.